हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

**Ref.No:COE/2026/36** **Dated: 30-01-2026**

परिपत्र (Circular)

सेवा में,

प्राचार्य/निदेशक/परिसर निदेशक/विभागाध्यक्ष
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान।

विषयः सेमेस्टर परीक्षाओं के आन्तरिक/सत्रीय अंक हेतु विश्वविद्यालय पोर्टल पुनः खोलने के सन्दर्भ में।

महोदय/महोदया

कृपया, इस कार्यालय के पत्रांक संख्या–**COE/2025/306 Dated-09-12-2025** का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसमें विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर, सत्र 2025–2026 की स्नातक तृतीय, पंचम व सप्तम् एवं स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर के आन्तरिक/प्रयोगात्मक/मौखिकी व प्रोजेक्ट परीक्षाओं के अंकों को दिनांक–30–12–2025 तक एवं प्रथम सेमेस्टर को दिनांक–25–01–2026 तक समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड किये जाने के सन्दर्भ में परिपत्र जारी किया गया। उक्त के परिपेक्ष्य में समस्त सम्बन्धितों को सूचित करना है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध प्राचार्य/परिसर निदेशक/संकायाध्यक्ष व विभागाध्यक्षों के अनुरोध पर सक्षम अधिकारी के अनुमोदनोपरान्त दिनांक–04–02–2026 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक–06–02–2025 सायं 05:00 बजे तक सत्र 2025–2026 के प्रथम, तृतीय, पंचम, सप्तम् एवं नवम् सेमेस्टर के स्नातक एवं स्नातकोत्तर की परीक्षाओं की आन्तरिक/प्रयोगात्मक/मौखिकी व प्रोजेक्ट परीक्षाओं के अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड करने हेतु अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। यदि संस्थान द्वारा यथासमय अंक अपलोड नहीं कर पाते हैं तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित संस्थान की होगी। इसके पश्चात् विशेष परिस्थितियों में सक्षम अधिकारी की अनुमति के पश्चात् पोर्टल खोला जाना सम्भव हो पाएगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि विषम सेमेस्टर के किसी भी परीक्षा/विषय **(शिक्षा विभाग, भूगोल विभाग, भू–विज्ञान विभाग, अर्थशास्त्र एवं कृषि विभाग के सेल्फ स्टडी के अंक)** के अंक किसी कारणवश अपलोड नहीं हो सके हों को संज्ञान में रखते हुए पोर्टल को तीन कार्यदिवस के लिए पुनः खोला जा रहा है।

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/परिसर निदेशक/प्राचार्य/निदेशक (समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान) को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देने का कष्ट करें।
3. उपकुलसचिव (परीक्षा) के सूचनार्थ प्रेषित।
4. निजी सचिव कुलसचिव, कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
5. सहायक कुलसचिव, कुलपति सचिवालय, माननीय कुलपति महोदय जी के सादर सूचनार्थ।

30.01.2026

परीक्षा नियंत्रक